बंद चावल मिल में छापे जा रहे थे जाली नोट

एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतरजनपदीय गिरोह का किया राजफाश

जासं • श्रावस्ती : सोनवा क्षेत्र में मल्हीपुर-बहराइच मार्ग पर भिठिया चिचड़ी गांव स्थित बंद पड़ी गिरिराज चावल मिल में भारतीय जाली नोट छापने का कारोबार चल रहा था। लखनऊ की एसटीएफ व सोनवा थाने की पुलिस की संयुक्त टीम ने इस कृत्य में लिप्त अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश कर दिया। तीन आरोपितों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मौके से जाली नोट व छापने के उपकरण बरामद हुए हैं।

एसपी राहुल भाटी ने बताया कि गुरुवार को एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ के अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार नागर के पर्यवेक्षण में सोनवा थानाध्यक्ष विशुनदेव पांडेय व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मल्हीपुर-बहराइच मार्ग स्थित बंद पड़ी गिरिराज चावल मिल में छापेमारी की। अंदर बहराइच जिले के दैहात कोतवाली क्षेत्र के गोंडा रोड शिवनगर निवासी गिरिजा शंकर जायसवाल, श्रावस्ती क्षेत्र के लालबोझी निवासी नरेंद्र कुमार चौरसिया व इकौना क्षेत्र के भगवानपुर बनकट निवासी वृजेंद्र गोस्वामी को जाली भारतीय मुद्रा की छपाई करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। तलाशी में मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व पांच हजार पांच सौ रुपये बरामद हुए। घटनास्थल से एक लाख 74 हजार रुपये जाली नोट (100, 200 व 500 रुपये, कुल 804 जाली नोट), एक कलर प्रिंटर, इंक रिफिल, ब्रांड पेपर, स्केल, कटर ब्लेड, कैंची समेत जाली नोट तैयार करने में प्रयुक्त अर्द्धनिर्मित सामग्री व कतरन बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि जाली नोट छापने के लिए सामग्री लखनऊ के लालबाग स्थित एक एजेंसी से खरीदकर लाए थे। मुंबई में तथा यूट्यूब वीडियो से नोट छापने की जानकारी ली थी। आरोपित वृजेंद्र नोटों की छपाई करता था, गिरिजा व नरेंद्र नोटों की कटाई, गड्डियां बनाने व पैकिंग करते थे। दीपावली त्योहार में जाली नोटों को बाजार में खपाने की तैयारी थी। एक लाख रुपये के असली नोट के बदले तीन लाख रुपये के जाली नोट देने के लिए ग्राहकों को तैयार कर रहे थे। मुनाफे को तीनों में बराबर-बराबर बांटने की सहमति बनी थी।



बंद चावल मिल से बरामद जाली नोट व छापने के उपकरण • जागरण



जाली नोट छापने के आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसपी राहुल भाटी (बाएं) • जागरण

- एक लाख 74 हजार रुपये जाली नोट, प्रिंटर, इंक रिफिल और नोट छापने में प्रयुक्त उपकरण बरामद

14 घंटे तक की गई तलाशी

श्रावस्ती : मल्हीपुर-बहराइच मार्ग पर भिठिया चिचड़ी गांव के पास स्थित गिरिराज राइस मिल में गुरुवार सुबह करीब छह बजे एसटीएफ व पुलिस ने छापेमारी की और रात करीब पौने नौ बजे तक मिल मुख्य गेट बंद कर छापेमारी की प्रक्रिया जारी रखी। इस दौरान बाहरी व्यक्तियों व मीडिया कर्मियों को मिल के अंदर प्रवेश पर पाबंदी लगाई रखी। इस दौरान मिल के ऊपरी मंजिल पर बने एक कमरे से तीन आरोपितों के साथ जाली नोट, प्रिंटर, पेपर कतरन आदि बरामद किया। इस मामले में लोगों के जेहन में सवाल है कि इतनी छोटी सी बरामदगी के लिए एसटीएफ व पुलिस को 14 घंटे तक क्यो रुकना पड़ा? आखिर एसटीएफ व पुलिस टीम करीब 14 घंटे तक मिल के अंदर क्या तलाश करती रही।